CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 34 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 11 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

# गुजरात की रबड़ गर्ल को योग में अव्वल आने से नहीं रोक पाई डिसेबिलिटी

## प्रधानमंत्री मोदी भी हुए मुरीद



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रबड़ गर्ल के नाम से मशहूर 75 फीसदी बौद्धिक अक्षमता और डाउन सिंड्रोम से पीड़ित 14 साल की अन्वी ने शनिवार को दिल को छू लेने वाले पल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की। योग ने अन्वी के जीवन की सभी बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद बदल दिया है।

अन्वी के पिता विजय जंजारुकिया ने कहा कि हमने जीवन में सारी उम्मीदें खो दी थी, जब एक दिन मेरी पत्नी को पता चला कि अन्वी उसके कंधे को छूकर सोती है क्योंकि इससे उसे दर्द से राहत मिलती है। उस दिन मैंने उसके शरीर में लचीलापन देखा और उसे योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास से दवाओं पर उनकी निर्भरता कम हुई है। उसकी ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी और वह इस समय माइट्रल वॉल्व लीकेज से पीड़ित हैं। 21 ट्राइसॉमी और कठोर वसंत रोग के कारण उसे बड़ी आंत में विकलांगता है। उसे बोलने में भी दिक्कत होती है।

**योग ने दिया हमारी बेटी को एक नया जीवन : मां :** उसकी मां ने कहा कि योग ने हमारी बेटी को एक नया जीवन दिया है। हर दिन वह सुबह और शाम एक घंटे योग का अभ्यास करती है। प्रतियोगिताओं में उसने अन्य सामान्य बच्चों के साथ प्रदर्शन किया है और कई पुरस्कार जीते हैं। गुजरात के सूरत की रहने वाली अन्वी 75 फीसदी बौद्धिक अक्षमता के साथ डाउन सिंड्रोम से पीड़ित है। उन्होंने इस साल 24 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार जीता था। उनके साथ उनके माता-पिता भी थे, जो गुरुवार को एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सूरत से दिल्ली पहुंचे थे, बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलने के अनुरोध के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क किया और प्रधानमंत्री कार्यालय से पुष्टि की पुष्टि करने वाला एक फोन आने के बाद वे चकित रह गए।

### पिता बोले-प्रधानमंत्री से भेंट संभवतः उनके जीवन का सबसे बड़ा दिन था

अन्वी के पिता विजय जंजारुकिया ने कहा कि यह एक सपने के सच होने जैसा है। यह संभवतः उनके जीवन का सबसे बड़ा दिन था, जब वह पीएम मोदी से मिलीं और उनके सामने योग किया। वह पीएम नरेंद्र मोदी को नमो दादा कहकर बुलाती थीं। अन्वी ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के सामने योग किया, पीएम ने भी उनके प्रयासों की सराहना की और उनके शानदार भविष्य का आशीर्वाद दिया। उन्होंने अगली बार गुजरात आने पर उनसे मिलने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा कि हम परिवार के किसी सदस्य के साथ बैठे हैं और उन्होंने (पीएम मोदी) अन्वी के साथ बातचीत की और कहा कि वह उनके बारे में मन की बात में बात करेंगे। वह एक बहुत ही जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। मुलाकात के दौरान उनके प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रमाणपत्र पर पीएम मोदी के हस्ताक्षर भी मिले।

# ब्रिटेन में नए युग की शुरुआत नए सम्राट बने किंग चार्ल्स-3

## पत्नी कैमिला क्वीन कंसोर्ट



**लंदन n एजेंसी**

ब्रिटेन में नए युग का आगाज हो गया है। क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के दो दिन बाद उनके बेटे चार्ल्स-3 को ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया है। इतिहास में पहली बार टेलीविजन पर ऐतिहासिक समारोह में किंग चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी हुई। इसके साथ ही उनकी पत्नी कैमिला क्वीन कंसोर्ट चुनी गईं।

सेंट जेम्स पैलेस में एक शाही समारोह में शनिवार को किंग चार्ल्स तृतीय को आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन का सम्राट घोषित किया गया। मां एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से पूर्व वह ब्रिटेन के प्रिंस थे, शनिवार को उनकी ताजपोशी की औपचारिक घोषणा की गई। समारोह के दौरान ब्रिटेन की पीएम लिज ट्रस के अलावा कई वरिष्ठ राजनेता और अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में किंग चार्ल्स III के साथ उनकी पत्नी कैमिला को क्वीन कंसोर्ट चुना गया। साथ में उनके सबसे बड़े बेटे विलियम चार्ल्स के उत्तराधिकारी होंगे। उन्हें प्रिंस ऑफ वेल्स की उपाधि दी गई। वहीं ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सम्मान में रविवार को भारत में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा, इस दिन राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

### नए सम्राट चार्ल्स ने मां एलिजाबेथ द्वितीय को किया याद

ब्रिटेन के नए सम्राट चार्ल्स III ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले संबोधन में मां एलिजाबेथ द्वितीय को याद किया और कसम खाई वे अपनी मां और महारानी द्वारा खाई कसम को जारी रखेंगे और आजीवन ब्रिटेन के लोगों के लिए काम करते रहेंगे। शुक्रवार को सम्राट ने अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि मेरी प्यारी मां जब आप मेरे प्रिय स्वर्गीय पिता से मिलने के लिए अपनी अंतिम महान यात्रा शुरू कर चुके हैं, मैं बस आपको धन्यवाद कहना चाहता हूं। हमारे परिवार और राष्ट्र के लोगों के प्रति आपके प्यार और समर्पण के लिए धन्यवाद, आपने इतने वर्षों तक इतनी लगन से सेवा की।

# हरियाणा महिला आयोग अध्यक्ष और पुलिस अधिकारी के बीच तू-तू मैं-मैं

## बैठक में वैवाहिक विवाद को लेकर तीखी नोक-झोंक, वीडियो हुआ वायरल



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** हरियाणा के कैथल में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एक महिला पुलिस अधिकारी के बीच एक वैवाहिक विवाद को लेकर तीखी नोक-झोंक हो गई। इस दौरान आयोग की अध्यक्ष ने सबके सामने पुलिसकर्मी को फटकार लगाते हुए बाहर जाने को कहा और विभागीय जांच की चेतावनी भी दे डाली।

यह कथित घटना, हरियाणा के कैथल में महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया और पुलिस अधिकारियों के बीच एक बैठक के दौरान हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में भाटिया को महिला पुलिसकर्मी से कहते सुना जा सकता है कि तुम उसे (व्यक्ति को) थप्पड़ मार सकती थी। तुमने लड़की की तीन बार (मेडिकल) जांच करवाई। बाहर निकल जाओ। तुम्हारे विरुद्ध विभागीय जांच होगी।

### लड़की के तीन बार मेडिकल टेस्ट कराने पर भड़कीं भाटिया

अधिकारी द्वारा विरोध जताने पर रेनू भाटिया ने कहा कि पुलिसकर्मी ने लड़की की तीन बार मेडिकल जांच करवाई, लेकिन व्यक्ति का टेस्ट नहीं करवाया। अधिकारी ने इस पर जवाब देने का प्रयास किया तो रेनू भाटिया ने थाना प्रभारी को उसे बाहर ले जाने को कहा। महिला अधिकारी ने कहा कि हम यहां अपमानित होने के लिए नहीं आए हैं। इसके जवाब में भाटिया ने कहा कि आप यहां लड़की की बेइज्जती के लिए आए हैं? विवाद बढ़ता गया और अधिकारी ने पूछा कि उसने लड़की को कैसे अपमानित किया, जिस पर भाटिया ने पूछा कि उन्होंने उसका तीन बार टेस्ट क्यों करवाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि भाटिया ने महिला अधिकारी से कहा कि मुझसे बहस मत करो और बाहर जाओ।

### व्यक्ति का मेडिकल टेस्ट करवाया जाएगा

भाटिया ने व्यक्ति का मेडिकल टेस्ट करवाने को कहा था और आदेश का पालन नहीं होने पर वह नाराज थीं। बाद में भाटिया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यक्ति का मेडिकल टेस्ट करवाया जाएगा। भाटिया ने संवाददाताओं से कहा कि आपने देखा कि मैंने जब महिला पुलिस अधिकारी से पूछा कि उसने आरोपी व्यक्ति का मेडिकल टेस्ट क्यों नहीं करवाया तो उसने किस तरह से बात की।

### ये है मामला

भाटिया ने बाद में कहा कि दरअसल हमें एक पति और पत्नी से जुड़ा मामला मिला। पति ने आयोग और पुलिस के सदस्यों के साथ कई बार दुर्व्यवहार किया। वह व्यक्ति पत्नी को तलाक देना चाहता था, क्योंकि उसके अनुसार, वह शारीरिक रूप से फिट नहीं थी। हमने उन दोनों के लिए मेडिकल टेस्ट का आदेश दिया और जब महिला का तीन बार टेस्ट किया गया, तो पुरुष ने टेस्ट कराने से इंकार कर दिया। जांच अधिकारी भी इसे पूरा कराने में विफल रहे। इसलिए हमने उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

## झारखंड में डीजीपी के लिए भेजे छह अधिकारियों के नाम

**रांची, (एजेंसी)।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नीरज सिन्हा का कार्यकाल फरवरी 2023 में खत्म हो रहा है और इसके बाद नए डीजीपी कार्यभार संभालेंगे, इसलिए नए डीजीपी की तलाश शुरू हो गई। यूपीएससी से वरीय पुलिस अफसरों के नाम का पैनल तैयार हो रहा है। इसे लेकर गृह विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। झारखंड पुलिस के छह आईपीएस की सूची यूपीएससी को भेजी गई। राज्य की ओर से जिन छह आईपीएस के नाम डीजीपी पैनल के लिए भेजे गए हैं, उनमें एसएन प्रधान, अजय कुमार सिंह, अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, प्रशांत सिंह और आरके मलिक का नाम शामिल हैं।

## गृहमंत्री ने की पूजा-अर्चना



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर पहुंचे। इस दौरान श्री शाह ने तनोट माता मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की।

फोटोः राज न्यूज नेटवर्क

## केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज में शुरू हुई आर्थो-स्कोपिक सर्जरी

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. एसएस नायक ने पेरोनियल ग्राफ्ट का उपयोग करके उनका ऑपरेशन किया, इस प्रकार उन्होंने घुटने के लिगामेंट को पुनर्स्थापित किया। ज्ञात हो कि, आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी एक विशेष तकनीक है जिसमें ऑपरेशन साइट को काटने और खोलने के बजाय एक आर्थ्रोस्कोप का उपयोग किया जाता है और दूरबीन विधि से चोटिल स्थान तक पहुंचा जाता है। सर्जरी में न तो कोई कट और न ही कोई घाव होता है। एंटीरियर क्रूसएट लिगामेंट (एसीएल) घुटने के लिगामेंट में से एक है जो अचानक मुड़ने के दौरान घायल हो जाता है। यह चोट खिलाड़ियों खासकर फुटबॉल खिलाड़ियों और बैडमिंटन खिलाड़ियों में आम है।

## आज का इतिहास

- **1893** : अमेरिका के शिकागो क्षेत्र में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और हिंसा पर ऐतिहासिक भाषण दिया।
- **1895** : महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध गांधीवादी नेता विनोबा भावे का जन्म।
- **1906** : महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया।
- **1919** : अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया।
- **1922** : आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में सचित्र दैनिक समाचार पत्र द सन न्यूज पेक्टोरियल की शुरूआत।
- **1939** : इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1941** : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन का निर्माण शुरू।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया झांसी स्टेशन एवं डीजल लोको शेड का निरीक्षण

## नवनिर्मित कंबाइंड क्रू लॉबी का किया उद्घाटन



**प्रयागराज (ब्यूरो)।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार द्वारा अपने दो दिवसीय दौरे कार्यक्रम के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन तथा डीजल लोको शेड का निरीक्षण किया गया।

शनिवार के कार्यक्रम के अंतर्गत महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 के निकट नवनिर्मित कंबाइंड क्रू लॉबी का उदघाटन किया। नवनिर्मित पूर्णतः वातानुकूलित क्रू लॉबी में चालक मित्र तथा यार्ड सिम्युलेटर एप्प पर आधारित प्रजेंटेशन को देखा तथा उपलब्ध लोको / सहायक लोको पायलट से साक्षात्कार किया। इस अवसर पर उन्होंने उपलब्ध स्टाफ को कर्तव्य परायणता के अंतर्गत संरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, साथ ही साथ क्रू के ज्ञान की परख करते हुए कार्य से संबंधित उनकी समस्याएं सुनी तथा उनका उत्साह वर्धन किया। क्रू लॉबी से आगे बढ़कर प्रमोद कुमार ने स्टेशन से संबंधित नियोजित कार्यों (प्लांड वर्क्स) तथा स्वीकृत कार्य के लेआउट प्लान देखा। इसके पश्चात कुमार उपस्थित मीडिया से रूबरू हुए और उन्होंने तीसरी तथा चौथी रेल लाइन के अनुरूप यार्ड रिमॉडलिंग, स्टेशन पुनर्विकास तथा यात्री सुविधाओं में होने वाले उच्चीकरण की योजनाओ के बारे में बताया।

## जब रोबोट लोन लेने पारंपरिक ड्रेस में पहुंचा बैंक

**कोच्चि, (एजेंसी)।** बैंक में लोन लेने अक्सर लोगों की भाग-दौड़ होती है, लेकिन केरल के एक बैंक में ऐसा वाकया हुआ, जिसे देखकर लोग दंग हो गए। दरअसल बैंक में लोन लेने कोई आदमी नहीं, बल्कि एक रोबोट पहुंच गया। आप भी हैरान रह गए होंगे, किंतु यह 100 फीसदी सही है। रोबोट को बैंक अधिकारियों ने लोन सैंक्शन लेटर भी सौंपा। केरल के कोच्चि की फेडरल बैंक शाखा में उस समय अचानक एक पारंपरिक साड़ी पहने रोबोट देखकर सभी बैंककर्मी दंग रह गए। रोबोट ने भी बैंककर्मियों का अभिवादन किया और उन्हें लोन देने के लिए शुक्रिया भी कहा। रोबोट को सभी बैंककर्मियों ने घेर लिया और उसकी बातों को सुनकर खुश होने लगे। बाद में वायरल वीडियो में यह भी दिख रहा है कि बैंककर्मियों ने रोबोट को लोन सैंक्शन लेटर भी सौंप दिया।

## यूपी के प्रथम मुख्यमंत्री पं. गोविंद वल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री तथा भारत के पूर्व गृह मंत्री भारत रत्न पं. गोविंद वल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर यहां लोक भवन स्थित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पं. गोविंद वल्लभ पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले स्वाधीनता आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंत जी की कर्मठता, राष्ट्र निष्ठा और संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। स्वतंत्र भारत में वे उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री हुए, तत्पश्चात उन्हें भारत के गृह मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने देश और प्रदेश की सेवा की तथा उत्तर प्रदेश को तत्कालीन समय में विकास का एक मॉडल देने का प्रयास किया। इस अवसर पर लखनऊ महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, सूचना एवं गृह संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह

**गोरखपुर (ब्यूरो)।** गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह शनिवार को हुआ। अध्यक्षता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने की। मुख्य वक्ता प्रो. चित्तरंजन मिश्र थे, जबकि मुख्य अतिथि राजीव श्रीवास्तव थे। मधुसूदन त्रिपाठी ने एसोसिएशन के सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह में चंद्र प्रकाश अग्रवाल को बालकृष्ण बजाज स्मृति उद्योग रत्न, मधुसूदन त्रिपाठी को दिनेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति विधि श्री सम्मान, डॉ, शिव शंकर शाही को डॉ. वाइडी सिंह स्मृति चिकित्सा रत्न सम्मान, अजय शाही को फुल नारायण धर द्विवेदी स्मृति शिक्षा श्री सम्मान, एसए रहमान को पत्रकार बांकेलाल तिवारी स्मृति प्रतिभा सम्मान, संजय वर्मा को डॉ. रामदरस त्रिपाठी स्मृति सरस्वती सम्मान और जिला सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव को बद्री प्रसाद रूंगटा स्मृति पत्रकार मित्र सम्मान प्रदान किया गया।

**नसीहत** महुआ मोइत्रा पर फिर खुलेआम बरसीं सीएम ममता बनर्जी, कहा

# सिर्फ अपनी सीट तक सीमित रहो





**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ममता बनर्जी ने एक बार फिर से अपनी पार्टी की आक्रामक तेवर रखने वालीं सांसद महुआ मोइत्रा को नसीहत दी है। उन्होंने महुआ से साफ कहा है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र पर ध्यान दें और संगठन के कामकाज में दखल न दें। महुआ मोइत्रा कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद हैं। कोलकाता में बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की मीटिंग में नादिया की करीमपुर विधानसभा सीट को लेकर कहा कि वह यहां के मामलों को मुर्शिदाबाद के सांसद अबू ताहिर पर ही छोड़ दें।

दरअसल करीमपुर से 2016 में महुआ मोइत्रा विधायक चुनी गई थीं और इसके चलते वहां से उनका खास लगाव रहा है। वह वहां के मामलों में भी दखल देती रही हैं, जिसे लेकर अब ममता बनर्जी ने उन्हें चेताया है। टीएमसी ने महुआ मोइत्रा को लोकसभा चुनाव में उतार दिया था और फिर उपचुनाव में बिमलेंदु सिन्हा रॉय को जीत मिल गई थी। इसके अलावा वहां का प्रभारी अबू ताहिर को बनाया गया था। इसी पर बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि करीमपुर विधानसभा क्षेत्र अब महुआ मोइत्रा के अधिकार क्षेत्र में नहीं है, बल्कि अबू ताहिर उसके प्रभारी हैं। वह वहां के मामलों को देख लेंगे। बीते कुछ दिनों में महुआ मोइत्रा की शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया था कि महुआ करीमपुर के मामलों में दखल देती हैं और समानांतर संगठन चलाती हैं। इसमें कुछ नेताओं और इलाके के अधिकारियों का सहयोग है। यही नहीं उन पर पार्टी की गाइडलाइंस को भी नजरअंदाज करने के आरोप लगते रहे हैं।

### मोइत्रा के दखल से विधायक समेत कई नेता नाराज

महुआ मोइत्रा के दखल से स्थानीय विधायक समेत कई नेता नाराज हैं। अब ममता बनर्जी की ओर से महुआ को फटकार लगाने पर विधायक बिमलेंदु सिन्हा रॉय ने कहा है कि यह करीमपुर के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। महुआ करीमपुर में आकर सिर्फ समस्याएं ही पैदा करती हैं। उनकी मौजूदगी से करीमपुर में संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है। मैं करीमपुर से दो बार का विधायक हूं। वह अकसर यहां आती हैं, लेकिन मुझे इग्नोर किया जाता है। वह अपने पालतू बीडीओ के जरिए यहां काम करती हैं। वह मुझे यहां काम तक नहीं करने देती हैं। इसलिए यह पूरा मामला ममता बनर्जी तक पहुंचा।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एनसीवीटी परीक्षा में सफल होने वाले प्रशिक्षुओं को दी बधाई

**लखनऊ (ब्यूरो)।** व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने एनसीवीटी परीक्षा-2022 में सफल होने वाले प्रशिक्षुओं को बधाई दी है। उन्होने कहा कि 17 सितंबर को डीजीटी नई दिल्ली द्वारा दीक्षांत समारोह में एनसीवीटी परीक्षा-2022 में टॉप करने वाले प्रशिक्षु सम्मानित किए जाएंगे। उप्र से एनसीवीटी परीक्षा में टॉप करने वाले 03 प्रशिक्षुओं का नाम भेजा गया है। एनसीवीटी परीक्षा की मॉनिटरिंग आनलाइन पोर्टल के माध्यम से की गई है। परीक्षाएं साफ-सुथरे माहौल तथा पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। यह परीक्षा पूर्णतः सीबीटी पर आयोजित की गई थी। आईटीआई में सूचना प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रानिक के प्रयोग से न केवल गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही है।

## मुख्य प्रबंधक ने की कंपनी प्रतिनिधियों एवं व्यापारीगणों के साथ बैठक



**प्रयागराज (ब्यूरो)।** शनिवार को डीके वर्मा, मुख्य माल भाड़ा यातायात प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माल लदान में और कैसे बढ़ोत्तरी की जाए इस संबंध में कानपुर परिक्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन के सभागार में बैठक की गई। इसमें रेल से लोडिंग करने वाले व्यापारियों को होने वाली समस्याओं एवं लोडिंग को बढ़ाने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

सीएफटीएम ने बताया की रेल के सुगम आवागमन एवं व्यापारियों को रेक मुहैया कराने में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पनकी स्टेशन का विस्तारीकरण किया जाएगा एवं पनकी माल गोदाम में स्थित ब्लास्ट साइडिंग को व्यापारियों की लोडिंग के लिए खोला जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भीमसेन में व्यापारियों के लिए लोडिंग की व्यवस्था उपलब्ध है, वहां से भी लोडिंग की जा सकती है एवं पामा स्टेशन में भी माल लदान के लिए साइडिंग का निर्माण कार्य जारी है, जो कि अगले 2 महीने में पूर्ण हो जाएगा।

## पहाड़ी ग्राम मग्घा की बालिका खेलेगी ब्लॉक स्तर पर

**मरुधर विशेष / नरेन्द्र शास्त्री**

**सायरा।** राजस्थान प्रदेश मे इस बार राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलो की धूम मची हुई है इससे भला कोई गाँव कैसे अछूता रह सकता है , उदयपुर जिले का अंतिम राजस्व ग्राम मग्घा ( सिंघाड़ा ग्राम पंचायत ) के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय की बालिकाएं खो- खो व कब्बडी के मैच मे ब्लॉक स्तर के लिए चयनित हुयी है जिनका सोमवार को मैच ब्राह्मणो के कलवाणा मे है 7 यह जानकारी संस्था प्रधान करनसिंह दलावत ने दी 7 इस अवसर पर बालिकाओं को स्पोर्ट्स कपड़े दिये गये 7 ग्रामीणों ने विधालय मे बच्चों की हो रही शैक्षणिक प्रगति व खेलकूद मे हो रहे विकास को लेकर विधालय के स्टाफ साथियो का धन्यवाद ज्ञापित किया व बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया 7 इस अवसर पर विधालय स्टाफ करनसिंह दलावत, नरेन्द्र शास्त्री , विष्णु सामरिया, भंवरलाल घोघरा, गहरीलाल मेघवाल , अध्यापिका सुनील कुमारी, अन्नाराम हिंगड तथा किशन गुर्जर,उम्मेद सिंह राणावत, रतन पुरी, मोती सिंह , नारायण सिंह राणावत , पप्पू गुर्जर, काली बाई, चुन्नीलाल गुर्जर ओर वार्ड पंच लेहराराम गमेती आदि मौजूद रहे ।



## कठूमर ब्लॉक पर एक दिवसीय महिला स्वयं सहायता समूहों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** उपखंड मुख्यालय पर स्वंय सहायता समहों के पदाधिकारियों की कार्यशाला राष्टीय कृषि और ग्रामीण विकास बैक नाबार्ड ,अलवर के सहयोग से 10 सितम्बर शनिवार को एक दिवसीय महिला स्वयं सहायता समूहों की कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक प्रदीप चौधरी ने बताया कि नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह गठन, आजीविका विकास कार्यक्रम एंव बैक द्वारा वित्तिय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में पंचायत समिति विकास अधिकारी यंशवत शर्मा ने पंचायत समिति द्वारा संचालित आजिविका विकास योजनओं की जानकारी दी एंव स्वंय सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिये प्रेरित किया। माताश्री गोमती देवी जन सेवा निधि के क्षेत्रीय प्रबंधक वेद प्रकाश शर्मा ने नाबार्ड द्वारा महिलाओं एंव स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनओं से जुडकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर स्वरोजगार करने के लिऐ प्रेरित किया। कृषि उपज मंड़ी के पूर्व चैयरमेन सतीश चौधरी ने भी उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित किया, तथा कार्यशाला में स्वयं सहायता समूहों की तीस से अधिक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला में संतोष गुप्ता व विमलेश सैन ने सहयोग प्रदान किया।



## दिगंबर जैन तेरापंथी मंदिर में दस लक्षण महापर्व के 10 दिन उत्तम ब्रह्मचर्य पर प्रातः श्री का अभिषेक शांतिधारा

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**कुशलगढ़।** दिगंबर जैन तेरापंथी मंदिर में दस लक्षण महापर्व के 10 दिन उत्तम ब्रह्मचर्य पर प्रातः श्री का अभिषेक शांतिधारा के पश्चात गुजरात से पधारे कुणाल शास्त्री के द्वारा मोक्ष मार्ग प्रकाशक ग्रंथ पर प्रवचन एवं प्रतिदिन तत्वार्थ सुत्र का वाचन एवं रात्रि में दस धर्म प्रवचन किए गए। उत्तम ब्रह्मचर्य नित्य पूजन के साथ दस लक्षण पूजन, सोलहकारण पूजन, र%त्रय पूजा, ब्रह्मचर्य पूजन,सामूहिक रूप से की गई। पूजन के मुख्य लाभार्थी अशोक कुमार शाह एवं भरत लखावत थे। अभिषेक शांतिधारा के पुण्यार्जक दीपक शाह परिवार व अशोक कुमार शाह परिवार थे।अभिषेक शांतिधारा मुकेश शाह द्वारा संपन्न कराई गई। श्री जी को अर्घ्य चढ़ाये गया।इस अवसर पर समाज अध्यक्ष क्या बुद्धिलाल शाह,वीरेंद्र शाह,भरत शाह,राकेश कोठारी,अशोक चोकलिया,पवन,दीपक हार्दिक,अनोखीलाल आदि समस्त समाज जन उपस्थित रहे।यह जानकारी समाज अध्यक्ष बुद्धि लाल शाह ने दी।



## मालाखेड़ा कस्बे में हुआ गणपति विसर्जन का कार्यक्रम



**मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)**

9 सितंबर शुक्रवार को गजानन मित्र मंडल मालाखेड़ा के तत्वधान में गणपति विसर्जन का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के दौरान मालाखेड़ा कस्बे के गांधी चौक, सुभाष चौक, पई गेट, बस स्टैंड स्थित अन्य मार्गो पर राधा कृष्ण, शिव पार्वती सहित अन्य झांकियां भी कार्यक्रम के दौरान दिखाई गई जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं का ताता दिन भर लगा रहा तथा गणपति महाराज की प्रतिमा का बारा बियर स्थित विसर्जन किया गया जिस दौरान गजानन मित्र मंडल के सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन भी मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह का अलवर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**मरूधर विशेष / युवराज शर्मा**

**अलवर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार राष्टीय महासचिव एआईसीसी प्रभारी असम राज्य भँवर जितेंद्र सिंह शुकवार को अलवर पहुंचने पर लोगों ने साफा माला शाँल एवं बुक्स भेंट कर भव्य स्वागत किया। डॉ जी एस नरूका पार्षद ने बताया कि हजारों लोग अपनी अपनी समस्याएं लेकर अलवर स्थित फूलबाग पैलेस पहुचे। मौके पर ही पीएस देवेंद्र सिंह से कहा कि संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए समस्या हल करने के लिए आम जनता की समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखने के लिए निर्देश दिए। इधर आरआर कॉलेज एवं संस्कृत कॉलेज के प्रेसिडेंट एवं प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल ने कॉलेजों की समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसके लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र संबंधित मंत्री एवं निर्देशकों से मिलकर समस्या हल कराई जाएगी। दोनों नवनियुक्त अध्यक्षो को छात्र हितों में कार्य करने के लिए कहा और शुभकामनाएं दी। मिलने वालों में विधायक कांग्रेस टिकट पर लड़े हुए विधायक का चुनाव कैंडिडेट प्रधान जिला प्रमुख प्रधान चेयरमैन जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।



# श्राद्धः पितरों का सबसे बड़ा पर्व

योगेश कुमार गोयल

महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है। पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।



अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन के साथ ही गणेशोत्सव का समापन हो जाता है और उसके अगले दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है, जो प्रायः भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक प्रायः 16 दिनों का होता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार पितृ पक्ष की तिथि इस वर्ष 10 सितम्बर से आरंभ होकर 25 सितंबर तक रहेगी। हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष को बहुत अहम माना गया है लेकिन इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात् पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं।

श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में महालय या कनागत के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।

पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथों और धार्मिक परम्पराओं में पितृपक्ष के अलावा भी श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। धर्मसिन्धु में तो श्राद्ध के लिए वर्षभर की सभी 12 अमावास्याओं, 4 पुणादि तिथियों, 14 मन्वादि तिथियों, 12 संक्रांतियों, 12 वैधृति योग, 12 व्यतिपात योग, 15 पितृपक्ष, 5 अष्टका, 5 अन्वष्टका और 5 पूर्वेद्यु अर्थात् 96 कालखंड का विवरण मिलता है किन्तु पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करने का महत्व सर्वाधिक माना गया है। पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष के दौरान उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है लेकिन पारम्परिक अवधारणाओं के अनुसार अगर किसी पितर की मृत्यु तिथि मालूम नहीं है तो उनका श्राद्ध अमावस्या के दिन किया जाता है, जिसे 'सर्व पितृ अमावस्या' भी कहा जाता है। जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उन सभी का श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय की कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है।

पितृ दोष को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है। ऋषि ऋण से स्वाध्याय के जरिये, देवऋण से यज्ञ के जरिये और पितृ ऋण से श्राद्ध तथा तर्पण द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों से संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि वेद व्यास के अनुसार जो व्यक्ति श्राद्ध द्वारा अपने पितरों को संतुष्ट करता है, वह पितृ ऋण से मुक्त होकर ब्रह्मलोक को जाता है।

मत्स्य पुराण में नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य, इन तीन प्रकार के श्राद्ध का उल्लेख मिलता है जबकि यमस्मृति में नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धि और पार्वण नामक पांच प्रकार के श्राद्धों का वर्णन मिलता है। भविष्य पुराण और विश्वामित्र स्मृति के अन्तर्गत बारह प्रकार के श्राद्धों का वर्णन हैं, जिनमें नित्य, नैमित्तिक, काम्यम, वृद्धि, सपिण्ड, पार्वण, गोष्ठी, शुद्धयर्थ, कर्मांग, दैविक, यात्रार्थ और पुष्ट्यर्थ शामिल हैं। भविष्यपुराण के अनुसार प्रतिदिन किए जाने वाले श्राद्ध को 'नित्य श्राद्ध', वार्षिक तिथि पर किए जाने वाले श्राद्ध को 'नैमित्तिक श्राद्ध', किसी कामना के लिए किए जाने वाले श्राद्ध को 'काम्य श्राद्ध', किसी मांगलिक अवसर पर किए जाने वाले श्राद्ध को 'वृद्धि श्राद्ध', पितृपक्ष, अमावस्या एवं तिथि आदि पर किए जाने वाले श्राद्ध को 'पार्वण श्राद्ध', त्रिवार्षिक श्राद्ध, जिसमें प्रेतपिण्ड का पितृपिण्ड में सम्मिलन कराया जाता है, उसे 'सपिण्ड श्राद्ध', पारिवारिक या स्वजातीय समूह में किए जाने वाले श्राद्ध को 'गोष्ठी श्राद्ध', शुद्धि हेतु किए जाने वाले श्राद्ध को 'शुद्धयर्थ श्राद्ध', षोडष संस्कारों के निमित्त किए जाने वाले श्राद्ध को 'कर्मांग श्राद्ध', देवताओं के निमित्त किए जाने वाले श्राद्ध को 'दैविक श्राद्ध', तीर्थ स्थानों में किए जाने वाले श्राद्ध को 'यात्रार्थ श्राद्ध' तथा अपनी या पारिवारिक सुख-समृद्धि और उन्नति के लिए किए जाने वाले श्राद्ध को 'पुष्ट्यर्थ श्राद्ध' कहा गया है।

महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है। पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।

**विचार मंथन**

# भारत का दबदबा

सिद्धार्थ शंकर



भारत ने आईएनएस विक्रांत को समुद्र में उतार दिया है। इसके साथ ही उसने इंडो-पैसिफिक में अपना दबदबा बना लिया है। पूरब से लेकर पश्चिमी समुद्र तक उसकी धाक मजबूत हो गई है। इसके साथ ही यह पहली बार वह चीन से बढ़ते समुद्री खतरे को जवाब देने की हालत में भी आ चुका है। साथ ही उसने इंडो पैसिफिक में नेविगेशन की आजादी भी हासिल कर ली है। असल में यह भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के सपने को पूरा करने की तरफ बढ़ाया गया कदम भी है। जनरल बिपिन रावत का यकीन था कि भारत एक दिन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बड़ी ताकत बनेगा। इस दिशा में पहला कदम भारतीय सेना एक मैरीटाइम थिएटर कमांड कमांड के तहत लाना है। जिसमें एक नेवी एडमिरल है और आर्मी और एयरफोर्स का समर्थन हासिल है। इसके साथ ही समय आ चुका है भारतीय सेना और बेहतर आपसी समन्वय हासिल करे। इस दिशा में एक बड़ा कदम आईएनएस विक्रांत का जलावतरण है। वहीं अब भारतीय सेना को चाहिए कि वह ब्रिटिश राज की परंपराओं और कार्यक्रमों को पीछे छोड़कर खुद की नई पहचान हासिल करे। भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को यकीन था कि भारत अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री सुरक्षा विकसित करके सही मायनों में इंडो-पैसिफिक पावर बन सकता है। जनरल रावत की सुरक्षा योजना काफी विस्तृत थी। वह चाहते थे कि भारत ग्रेट निकोबार की कैंपबेल खाड़ी में कंटेनर कम रिप्लेनिशमेंट फैसिलिटी का विकास करे। ताकि भारत के मित्र देशों के युद्धपोत और व्यापारी पोत श्रीलंका की तरफ जाने के बजाए यहीं आएं। इसको लेकर यह भी योजना बनी थी कि कैंपबेल खाड़ी में एक डीप हार्बर बनाया जाए ताकि इंडियन एयरक्राफ्ट कैरियर किसी ग्लोबल इमरजेंसी या प्राकृतिक आपदा के समय तेजी से रिस्पांस कर सके। आईएनएस विक्रांत के जलावतरण के बाद अब मोदी सरकार को जरूरी कदम बढ़ाने चाहिए। वैसे भारत ने रक्षा क्षेत्र में निर्माण को लेकर कई चीजों पर आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इनमें एयरक्राफ्ट कैरियर्स, डीजल और न्यूक सबमरीन्स और हल्के लड़ाकू विमान हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि भारत इन विमानों के निर्माण में तेजी ले आए। उदाहरण के लिए जब मलेशिया से लेकर अर्जेंटीना तक तेजस को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं तो हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चाहिए कि वह इसके निर्माण को अगले स्तर तक ले जाए। हालांकि, भारत के इस महाशक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर पर चीन की टेढ़ी नजर जरूर है। चीन के पास ऐसी ही तकनीक से लैस दो एयरक्राफ्ट कैरियर पहले से ही मौजूद हैं और इलेक्ट्रैमैग्नेटिक कैटापुल्स से लैस तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर अभी समुद्री परीक्षण से गुजर रहा है। लेकिन, भारत के आईएनएस विक्रांत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन की कैरियर किलर मिसाइलें हैं। चीन का दावा है कि उसके पास दो ऐसी मिसाइलें हैं, जो दुनिया के किसी भी एयरक्राफ्ट कैरियर को पल भर में डूबो सकती हैं। ये मिसाइलें इतनी तेज और खतरनाक हैं कि अमेरिका के पास भी इनका काट नहीं है। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर के देशों के साथ विवाद है। चीन के अधिकतर दुश्मन देशों के साथ अमेरिका के काफी अच्छे संबंध हैं। अमेरिका के एयरक्राफ्ट कैरियरों को उसकी सबसे बड़ी नौसैनिक शक्ति माना जाता है। ऐसे में चीन ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियरों को डूबाने के लिए दो कैरियर किलर मिसाइलों को विकसित किया है। इनमें से एक डीएफ-17 मिसाइल तो हाइपरसोनिक स्पीड से उड़ान भरने में सक्षम है। इतना ही नहीं, यह मिसाइल एडवांस गाइडेंस सिस्टम से लैस है। डीएफ-17 को किसी युद्धपोत या जमीन पर मौजूद मिसाइल बेस से लॉन्च किया जा सकता है। जबकि दूसरे वाईजे-21 मिसाइल को स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स की मदद से समुद्र में मीलों दूर ले जाकर भी फायर किया जा सकता है। ऐसे में वाईजे-21 मिसाइल तट से काफी दूर मौजूद एयरक्राफ्ट कैरियर को भी तबाह कर सकती है। इसलिए विक्रांत को चीन से बचकर ही रहना होगा।

## भीमआर्मी प्रमुख एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद का शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नीमराना**

शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर जयपुर कार्यक्रम में जा रहे भीम आर्मी प्रमुख एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद का भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मेहरा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर पहुंचने के दौरान कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी प्रमुख को फूल मालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत किया । भीम आर्मी प्रमुख एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मेहरा सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र बोहरा मनोज कंप्यूटर सौरभ जाट बहरोड सोहनलाल वाल्मीक पवन पोनी सहित भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में एमपीएस ऋषिराज यादव के सहयोग से बनाया 25 साल पुराना मेघवाल शमशान घाट का रास्ता

**मेघवाल समाज के लोगों में खुशी**

शाहजहांपुर कस्बे के मेघवाल समाज के गत 25 वर्षो से अवरुद्ध मोक्ष धाम(शमशान घाट)के रास्ते को समाज के प्रबुद्ध लोगों व नीमराना एसडीएम के आग्रह पर शाहजहाँपुर कस्बे के पंचायत समिति सदस्य ऋषिराज यादव द्वारा निजी खर्च से बनवाया । गौरतलब है कि 8 सितंबर को शाहजहांपुर कस्बे निवासी मेघवाल समाज के युवक के निधन के चलते अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट ले जाया जाना था। परंतु शमशान घाट के रास्ते मे भरे गंदे पानी व कीचड़ से मार्ग अवरुद्ध था। गत 25 वर्षो से अधिक समय से परेशानी झेल रहे कस्बे के मेघवाल समाज के लिए विकट समस्या बनी हुई थी। रास्ता फौलादपुर ग्राम पंचायत के राजस्व भूमि का होने से स्थानीय ग्राम पंचायत की ओर से कोई भी बजट रास्ते के सुधार के लिए लगाया जाना संभव नही था। जबकि फौलादपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों लिए यह मार्ग सार्वजनिक उपयोगार्थ नही था। जिसके चलते आम रास्ते पर अतिक्रमण,जल भराव व गंदगी डालने का मुख्य केंद्र बना हुआ था। समाज के युवक के निधन पर रास्ते की समस्या को लेकर पनपे जनआक्रोश के बीच सूचना पर पहुंचे नीमराना एसडीएम मुकुट चौधरी व मेघवाल समाज के प्रबुद्धजनों ने भामाशाह से रास्ता बनवाना चाहा। जिस पर शाहजहांपुर कस्बे के पंचायत समिति सदस्य ऋषिराज यादव ने सभी के समक्ष रास्ता अपने खर्चे से बनवाने की बात स्वीकार की तथा 8 सितंबर को काम चलाऊ मार्ग तैयार कराया जाने के बाद मृतक युवक का अंतिम संस्कार कराया गया था। उसी दिन से लगातार ट्रेक्टर, जेसीबी अपने खर्चे पर चलवाकर सुगम रास्ता तैयार कराया। ऐसे सार्वजनिक नेक कार्य को लेकर मेघवाल समाज व कस्बेवासियों ने एमपीएस का आभार जताते हुए खुशी व्यक्त की। रास्ता बनवाने से 25 वर्षो से अधिक पुरानी विकट समस्या का समाधान कराने पर मेघवाल समाज के पंच काशीराम,विनोद मिस्त्री,पंच प्रेम देवी,धर्मपाल मिस्त्री,रमेश मिस्त्री, महेश कुमार,सुखपाल, हंसराज मास्टर, महावीर मास्टर, रूपेश जाट ,घनश्याम गुप्ता,अनिल नाथ,जय प्रकाश,मनोज,नवीन,सोनू सहित ने भी आभार जताया।



## राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता को लेकर बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकुमार ने ली बैठक

**नीमराना**

राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन करवाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी मुकुटसिंह के निर्देश पर आज शनिवार को कस्बा के नॉडल विद्यालय पर एसीबीईओ प्रथम एवं बाल विकास परियोजनाअधिकारी राजकुमार ने प्रतियोगिता में लगाये गये शिक्षा विभाग के राजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा तैयारियों का जायजा लेते हुए अंतिम रूप दिया। जानकारी अनुसार राज्य सरकार कि और से आयोजित हो रहे खेलों का महाकुंभ राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 12 सितंबर से 15 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर आयोजित होगी। जिसकी तैयारियों को लेकर एसीबीईओ प्रथम एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकुमार ने उपखण्ड अधिकारी मुकुटसिंह के निर्देश पर एसीबीईओ प्रथम एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजकुमार ने खेल प्रतियोगिता में लगाये गये शिक्षा विभाग के राजपत्रित अधिकारियों, शारीरिक शिक्षकों,शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा तैयारियों का जायजा लेते हुएअंतिम रूप दिया। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कस्बा के वृंदावन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर 12 सितंबर सोमवार को प्रातः 11 बजे उदघाटन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके बाद कबड्डी,खो-खो,वॉलीबॉल, शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता वृंदावन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित होंगी तथा हॉकी व टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहजहांपुर के खेल मैदान पर होंगी। बैठक में नोडल प्रिंसिपल करमसिंह यादव, दिनेश कुमार शर्मा, प्रकाशचंद मीणा, सहाबसिंह यादव, रविन्द्र यादव, रातिपाल यादव , दिनेश यादव, कालूराम, ऋषिदेव यादव, किशोर कुमार यादव, जोगेन्द्र कुमार यादव, नरेंद्र यादव, शारीरिक शिक्षक सत्यवीर यादव, धर्मपाल मीना,ओमप्रकाश यादव सहित अन्य शारीरिक शिक्षक एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे।



# अखिल भारतीय कोली समाज कठूमर द्वारा निकाली तिरंगा रैली

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर ।** उपखंड मुख्यालय पर अखिल भारतीय कोली समाज द्वारा शनिवार को तिरंगा रैली निकाली गई। ब्लॉक अध्यक्ष भारत कुमार कोली ने बताया कि अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर बाई एंन एवं जिला अध्यक्ष एडवोकेट खेमचंद महावर के निर्देश अनुसार 10 सितंबर शनिवार को कठूमर ब्लॉक पर तिरंगा रैली, खेडली, सौंखर तक निकाली गई। इसका मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय कोली समाज जिला शाखा अलवर द्वारा 18 सितंबर रविवार को स्वरूप विलास मोती डूंगरी के पास अलवर में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी जन जागृति के लिए सभी समाज बंधुओं को सूचना मिल सके इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रतनी पाराशर भाजपा नेता ने किया। इस मौके पर भारत कुमार अध्यक्ष, नानूराम, बबलू कोली, जगदीश, दीपक, मुकेश ,भगवान ,गोपाल, मनहोरी, भारत भूषण , विष्णु धर्मपाल , गणपत, गोपेश आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मालाखेड़ा कस्बे के बस स्टैंड स्थित श्रद्धालुओं ने लगाई मीठे जल की प्याऊ

मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

9 सितंबर शुक्रवार को मालाखेड़ा कस्बे के बस स्टैंड स्थित श्रद्धालुओं के द्वारा गजानन विसर्जन के अवसर पर मीठे जल की प्याऊ लगाई गई श्रद्धालु फूल सिंह चौधरी ने बताया कि गजानंद विसर्जन की शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए मीठे जल की प्याऊ का आयोजन किया गया इस मौके पर हेमंत कुमार शर्मा, हनी शर्मा, हरीश साहू, संतोष जोशी, नरेश चौधरी, चेतराम यादव, राजू सेन आदि सदस्य भी मौजूद रहे।



# विप्र फाउण्डेशन प्रदेश कार्यकारिणी में राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष एवम ललित कुमार जोशी प्रदेश सचिव नियुक्त



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष जोन 1 के.के.शर्मा उदयपुर ने प्रदेश की कार्यकारिणी की आज घोषणा की जिसमे बांसवाड़ा जिले को निम्नानुसार प्रतिनिधत्व दिया गया।प्रदेश सरक्षक मंडल सदस्य सर्व श्री रमेश पंड्या परतापुर,श्री शंकरलाल त्रिवेदी पालोदा एवम श्री जयप्रकाश पंड्या बांसवाड़ा रहेंगे। इसी के साथ प्रदेश रिटायर्ड शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी बांसवाड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष एवम ललित कुमार जोशी बांसवाड़ा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया हे। ये जानकारी जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने दी।

# राजस्व सेवा परिषद के सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - राजस्व सेवा परिषद के सदस्यों ने कानूनगो संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में बानसूर एसडीएम राहुल सैनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । राजस्व परिषद सदस्यों ने ज्ञापन में 10 माह पूर्व राजस्व सेवा परिषद और सीएमआर में हुए समझौते को लागू करने की मांग की है।राज्य सरकार की ओर से विभाग के कार्मिकों से संबंधित पत्रावलीयां और प्रशासनिक स्वीकृति पर वित्तीय स्वीकृति दिलाने की मांग की है। वहीं सदस्यों ने ज्ञापन में बताया कि राजस्व मंत्री की ओर से राजस्व सेवा परिषद की जिन पत्रावली और प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है उनको विशेष नौकरशाही में एक कोने में पटक रखा है जो सीधा सीधा विभाग के मुखिया और आपको अपमानित किया जाना विवक्षित है। जिसको लेकर प्रदेशभर के राजस्व कार्मिक उपेक्षित महसूस कर रहा है जिससे सभी में भयंकर असंतोष का माहौल है । इसी से व्यथित होकर हमनें 12 सितंबर से सत्याग्रह आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है ।इसके बाद भी हमारे समझौते पर सात दिवस में कारवाई नही हुई तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर जाना होगा।



# महाराजा कॉलेज के अध्यक्ष संदीप गुर्जर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** उपखंड के गांव देवशन निवासी संदीप गुर्जर नवनिर्वाचित अध्यक्ष महाराजा कॉलेज जयपुर का अपने ही गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संदीप गुर्जर का बानसूर से लेकर देवशन तक जगह जगह स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि चाकसू विधायक वेदप्रकाश सोलंकी व विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर रहे।मंच से भाषण देते हुए विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि छात्र राजनीति आगे से आगे की रुपरेखा तैयार कर सकते है। साथ ही कहा कि संदीप गुर्जर को सभी साथियों से मिलजुल कर रहना होगा। अक्सर लोग पद पाकर हवा में उड़ने लग जाते है। मुख्य अतिथि वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा कि बानसूर को संदीप गुर्जर के रूप में भविष्य का नेता मिल गया है। वहीं विधायक सोलंकी ने कहा कि वह हमेशा ही सही बात बोलता है और मेरी सही बातें किसी को गलत लगती है तो वह क्या कर सकता है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप गुर्जर ने कहा कि वह कभी भी ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे मेरे क्षेत्र का एवं मेरे समाज का नाम खराब हो। साथ ही कहा कि वह उन सभी लोगों का ऋणी है जिन्होंने मेरा इस संघर्ष में साथ दिया। संदीप गुर्जर ने पधारे सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर शिवप्रताप हरसाना, अनिल चौपड़ा , प्रेम पटेल, चन्द्रभान गुर्जर, डॉक्टर महिपाल चंदेला,अंकुर दायमा, पप्पू बोस पंचायत समिति सदस्य, रोहिताश गुर्जर, रुपचंद नेताजी, अमरसिंह सरपंच, रामशरण सरपंच, मोहरसिंह पी टी आई, सुभाष नेता रायली आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्व समाज के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर रहे हैं नीतिगत फैसलेः मंत्री जूली

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार सर्वसमाज के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार सभी समाजों के कल्याण के लिए लगातार समाज हित में नीतिगत फैसले कर रही है। मंत्री जूली शासन सचिवालय में सैनी, माली, कुशवाह, शाक्य, मौर्य समाज के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि समाज का प्रतिनिधिमंडल आरक्षण सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुलाकात करने पहुंचा है। समाज की जायज मांगों को निश्चित तौर पर नियमानुसार पूरा किया जाएगा। आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए मंत्री जूली ने कहा कि समाज को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से शीघ्र वार्ता के बाद रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने राजस्थान के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल से सकारात्मक चर्चा करते हुए विश्वास दिलाया कि इसी सप्ताह सीएम गहलोत से प्रतिनिधिमंडल को मिलवाया जाएगा। साथ ही लवकुश कल्याण बोर्ड बनाकर समाज के तबके को मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुर्जर आरक्षण आन्दोलन में भी मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मंत्री जूली पर भरोसा जताते हुए उन्हें गुर्जर आरक्षण आन्दोलन समिति से वार्ता के लिए भेजा था। जूली ने लम्बे समय से चल रहे आन्दोलन को सहजता के साथ अपने राजनैतिक कौशलता का परिचय देते हुए खत्म करवाकर पूरे देश में एक नजीर पेश की थी। मुख्यमंत्री ने पुनः सैनी समाज के विभिन्न मांगों की इस वार्ता का दायित्व मंत्री जूली को सौंपा है। इस दौरान शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, संभागीय आयुक्त सावरमल वर्मा, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, संयोजक मुरारी लाल कुशवाह, वासूदेव कुशवाह, छुट्टन लाल सैनी, लक्ष्मण कुशवाह, सीएल सैनी, पप्पू प्रधान, डीके कुशवाह, अंजलि सैनी, श्यामसुन्दर माली, शैलेन्द्र कुशवाह, गिर्राज कुशवाह, रामहेत कुशवाह, बदनसिंह कुशवाह सहित प्रशासनिक व समाज के लोग उपस्थित रहे।



# एसबीआई खेरली में हुई 2 लाख रुपए की चोरी का पर्दाफाश

## अंतरराज्यीय सांसी गैंग का एक आरोपी गिरफ्तार

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**खेरली।** कस्बे की एसबीआई बैंक से एक सितंबर को दो लाख रुपयों से भरा बैग को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने की घटना खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि बड़ौदा कान निवासी राजेंद्र ने एसबीआई बैंक से दो लाख रुपए से भरा बैग अज्ञात चोरों द्वारा उठा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए हेतु उच्चाधिकारियों के निर्देशन में टीम का गठन किया गया जिसने खेरली व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले व साइक्लोन सेल से मदद ली गई। जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए चोरी की घटना का पर्दाफाश कर अंतर्राज्यीय सांसी गिरोह के मुख्य आरोपी अमन सिसोदिया पुत्र कृष्ण प्रसाद जाति सांसी उम्र 20 साल निवासी हुलखेड़ी पुलिस थाना बोडा मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिससे अन्य घटनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है।



# यूपीपीसीबी की बड़ी कार्रवाईः गंगा में अवैध पुल बनाकर धारा मोड़ने का मामला, फर्म पर लगा 4.29 करोड़ का जुर्माना

**कानपुर।** अवैध तरीके से अस्थायी पुल बनाकर गंगा की धारा मोड़ने के आरोप में फंसे बालू खनन पट्टा धारक मेसर्स वैष्णवी इंटरप्राइजेज के मालिक नागेंद्र सिंह पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने 4.29 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का जुर्माना लगाया है

फर्म को इस जुर्माना राशि को 30 दिन के अंदर बोर्ड के पास जमा करने को कहा गया है। आरोप है कि फर्म मालिक ने पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के बाद जल एवं वायु अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुए खनन कार्य शुरू करने से पहले बोर्ड से बिना जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण की अनुमति लिए खनन शुरू कर दिया था। जांच के दौरान पता चला कि बिना अनुमति के फर्म मालिक ने 7 अप्रैल 2018 से 3 फरवरी 2021 तक कुल 1034 दिन तक 2.10 लाख घनमीटर प्रति वर्ष की दर से बालू का खनन किया। इसके बाद डीएम कानपुर ने खनन पर रोक लगा दी लेकिन फिर 13 दिसंबर को बालू खनन की अनुमति को रीस्टोर कर दिया। इसके बाद फर्म मालिक ने 13 फरवरी 2021 से 2 अप्रैल 2022 तक 111 दिन और बालू का अवैध खनन किया। इस पूरी मियाद के दौरान पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए जाने पर अब एनजीटी के आदेश पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित सिस्टम के अनुसार 4.29 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।



### अवैध पुल के मामले में भी फंसी है गर्दन

अवैध पुल बनाकर गंगा की धार मोड़ने के मामले में भी फर्म मालिक नागेंद्र सिंह की गर्दन फंसी हुई है। इस मामले में एनजीटी में एक केस अभी लंबित है। इस केस के दौरान एनजीटी ने कानपुर और उन्नाव के डीएम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक संयुक्त कमेटी को स्थलीय निरीक्षण कर एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस रिपोर्ट को कमेटी ने सौंप दिया है और अब उसके आधार पर ट्रिब्यूनल फैसला ले सकता है।

# कठूमर सीएचसी में नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही के चलते नवजात की हुई मौत

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में नर्सिंग स्टाफ की लापरवाही के चलते शनिवार देर रात्री प्रसव उपरांत नवजात की मौत हो गई। जिस पर परिजनो ने खूब हंगामा किया। वही रात्री ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

मसारी निवासी रहीश फकीर ने बताया प्रसव के लिये प%ी बरिसा को शनिवार रात्री करीब 11बजे कठूमर सरकारी अस्पताल लेकर आये। रात्री ड्यूटी पर तैनात वंदना और कमलेश कुमार को बरिसा को देखने के लिये कहा तो आना कानी करने लगे। दर्द से कहरा रही बरिसा के लिये हाथ जोडे तो करीब एक घंटे बाद आये और बिना देखे ही रैफर कार्ड बना दिया। कुछ समय बाद एम्बुलेंस आ गई तो वहां के कर्मचारी ने बताया कुछ देर में प्रसव हो जायेगा। कुछ समय बाद एम्बुलेंस में लड़का हो गया। जिसकी सूचना चिकित्सा प्रभारी को दी। चिकित्सा प्रभारी डा.हेमंत वर्मा ने दोनो मौके पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ वंदना और कमलेश को खराब व्यवहार के चलते फटकार लगाई। वही बच्चे को डिलेवरी वार्ड में लेने के निर्देश दिये।

वार्ड में जच्चा और बच्चा सिफ्ट करने के बाद बच्चे की तवियत बिंगडने लगी तो नर्सिंग स्टाफ को बताया गया। वही सुबह 4.30 बजे तक बच्चे की देखभाल नही होने से मौत हो गई। जिस पर पीडित परिजनो ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुचे प्रभारी चिकित्सक ने मामले को सुना और कार्यवाही का आश्वासन दिया।




# ऑनलाइन ठगी के गिरोह का एक शातिर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

मरूधर विशेष/क्राइम/महावीर सिंह चौहान

अलवर जिले की रामगढ़ थाना पुलिस के ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का एक शातिर बदमाश हत्थे चढ़ गया हैं । पश्चिम बंगाल व उड़ीसा की सिम काम में लेकर ठगी की वारदातो को अन्जाम देता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को रेलवे फाटक के पास मोबाइल पर ऑनलाइन ठगी करते हुए गिरफ्तार किया हैं। रामगढ़ थाना पुलिस ने लोकल एक्ट की कार्यवाही की गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी की अलवर मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का एक युवक सुनसान जगह पर मोबाइल से ठगी कर रहा है । मुखबिर की सूचना पर एएसआई बंसीलाल व महबूब खान और देवी सिंह पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे अलवर मार्ग स्थित फाटक के समीप पहुंचे । यहां एकांत में एक युवक मोबाइल फोन व्हाट्सएप चैट में व्यस्त मिला । पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को धर दबोचा । युवक के पास से दो मोबाइल और पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य से जारी सिम कार्ड एवं मोटरसाइकिल बरामद की । एएसआई बंसीलाल ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना पर अलवर मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप पहुंचे । यहां एकांत में इरफान नामक युवक मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप चैट में व्यस्त मिला । आरोपी से पूछताछ में तलाशी में पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य से जारी सिम कार्ड बरामद हुए हैं पूछताछ में जाहिर हुआ कि आरोपी इरफान पुत्र रुजदार निवासी जगडका थाना नगर भरतपुर ऑनलाइन ठगी का मास्टरमाइंड है एवं दर्जनों ठगी की वारदात कर चुका है पुलिस ने आरोपी को धोखाधड़ी एवं आईटी एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड मांगा है और भी वारदात खुलने की आशंका है एएसआई बंसीलाल ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात गश्त के दौरान सूचना पर अलवर मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप पहुंचे । यहां एकांत में इरफान नामक युवक मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप चैट में व्यस्त मिला । आरोपी से पूछताछ में तलाशी में पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य से जारी सिम कार्ड बरामद हुए हैं पूछताछ में जाहिर हुआ कि आरोपी इरफान ऑनलाइन ठगी का मास्टरमाइंड है एवं दर्जनों ठगी की वारदात कर चुका है पुलिस ने आरोपी को धोखाधड़ी एवं आईटी एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया है ।




# जयपुर पुलिस थाना शास्त्री नगर की बड़ी कार्रवाई पोक्सो एक्ट में 5 साल से फरार ?5000 का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

मरूधर विशेष/क्राइम/महावीर सिंह चौहान



आईपीएस परिस देशमुख पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर दित्य धर्मेंद्र सागर के निर्देशन में महेंद्र गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के सुपरविजन में दिलीप सिंह शेखावत थाना अधिकारी पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के नेतृत्व में थाना शास्त्रीनगर से हेमंत जनागल एसआई राकेश कुमार कॉन्स्टेबल अनिल कुमार चालक कॉन्स्टेबल विष्णु हेड कांस्टेबल साइबर सेल कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर के मनोज कुमार कॉन्स्टेबल की टीम का गठन किया गया और थानाधिकारी साथ शास्त्री नगर के 224/2017 धारा 376 भारतीय दफा संख्या 3/4 पोक्सो एक्ट में अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र दान सिंह उक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था जिसके खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए जाने पर माननीय न्यायालय ने धारा 299 सीआरपीसी में चालान पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय श्रीमान विशिष्ट न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 जयपुर महानगर द्वारा अभियुक्त कुलदीप सिंह का स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया ।उक्त अभियुक्त पर पुलिस उपायुक्त द्वारा ?5000 का इनाम घोषित किया हुआ था । गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता से 5 साल से फरार इनामी अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र दान सिंह उम्र 30 साल जाति राजपूत निवासी प्लॉट नंबर 130 , बैनाड़ रोड वाटिका, सरकारी स्कूल के पीछे झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया गया ।



### इस पूरे प्रकरण में मुख्य भूमिका रही

मुख्यभूमिका मनोज कुमार कॉन्स्टेबल साइबर सेल का कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर की रही

# कुदरत का बड़ा करिश्मा भेस ने दीया दो टांगो के बच्चे को जन्म



मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामा क्षेत्र के गांव लाडला का में कुदरत का बड़ा करिश्मा देखने को मिला है जहां लाडलका गांव में भेस ने दो टागो के बच्चे को जन्म दिया है। जैसे ही इसकी सूचना गांव के लोगों को पहुंची तो लोगों को बच्चे को देखने के लिए भीड़ लगना शुरू हो गई।साकिर पुत्र छज्जू निवासी लाडलका ने बताया की यह भैंस करीब मेरे पास 1 साल से थी जिसका में पालन पोषण कर रहा था रात्रि के करीब 12:00 बजे भेस ने एक बच्चे को जन्म दिया जिसके सिर्फ दो ही टांगे थी बच्चे को देख हम आश्चर्य चकित रह गए जैसे ही इसकी सूचना गांव के लोगो को लगी तो लोगों की बच्चे को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई बच्चा सकुशल है और बच्चा अपनी मां का दूध पी रहा है और अभी जीवित है कुदरत का यह बड़ा करिश्मा है सिर्फ कुदरत ने दो ही टांगों पर बच्चे को जीवित रखा है।

# बानसूर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है - पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश शर्मा



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश शर्मा ने उद्योग व देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। पूर्व मंत्री ने कहा कि बानसूर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिसके मेरे पास पुख्ता सबूत हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि बीते दिन उद्योग मंत्री ने बानसूर के सरकारी कॉलेज का भूमि पूजन किया था लेकिन वह जल्दबाजी और आनन-फानन में किया गया। उद्योग मंत्री बानसूर की जनता से डर रही है। उनको बानसूर की जनता से डर लगने लग गया है। बानसूर की जनता उद्योग मंत्री के भ्रष्टाचार और कार्यशैली से नाराज है। बानसूर में भ्रष्टाचार की बात करें तो इतना भ्रष्टाचार फैला हुआ है कि बिजली , सड़क और पानी के मामलों में इतने पैसे का घोटाला हुआ है कि सरकार के खजाने से एक रुपया आया है तो 75 पैसों का घोटाला कर दिया। उद्योग मंत्री को कॉलेज की भूमि की जमीन पर जाकर वहां शिलान्यास करना चाहिए था। और किसी भी चीज का शिलान्यास या उद्घघाटन डिजिटल नहीं किया जाता है। डिजिटल अति विशिष्ट लोगों के प्रोटोकॉल में है। जैसे मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री समय के अभाव के कारण डिजिटल के माध्यम से उद्घाटन या शिलान्यास करते हैं।

# औल ईण्डिया थियेटर काउंसिल का चिंतन शिविर 10 सितंबर 11 सितंबर अलवर में

मरुधर विशेष युवराज शर्मा



आज अलवर में हारूमल तोलानी सभागार में दो दिवसीय चिंतन शिविर प्रारंभ हुआ। चिंतन शिविर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मानव ने कहा आज हिंदी रंगमंच की स्थिति मजबूत नहीं है रंगकर्मियों को सरकार द्वारा कोई सहायता नहीं मिल रहा है सरकार उनके लिए कोई योजना नहीं बनाती है रंगकर्मियों को रेलवे में मिलने वाली रेलवे कन्सेशन भी बंद कर दिया गया है कलाकारों के कल्याणकारी योजनाएं पर चिंतन करने के लिए 19 राज्यों के कलाकार आज जुटे हैं। राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुन्दन ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा लोक कलाकारों तथा नाटक कर्मियों के लिए क?ई कल्याणकारी योजनाएं पारीत की जायेगी कलाकारों को पुनः रेलवे में कन्सेशन बहाल करने हेतु देश भर में आंदोलन किया जाएगा। मंच का संचालन राष्ट्रीय सचिव सुनील चौहान ने किया । पंजाब पटियाला से वरिष्ठ रंगकर्मी परमिंदर पाल कौर ने कहा आज देश भर के रंगकर्मियों को एक मंच पर लाने का काम ए आई टी सी कर रही है हमलोग कलाकारों को निःशुल्क अभिनय निर्देशन लाईट में प्रशिक्षण दे रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो निजाम ने कहा कि सरकार कलाकारों के प्रति उदासीनता को देखते हुए ए आई टी सी खड़ी हुई। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कलाकारों से ए आई टी सी से जुड़ने की अपील की चिंतन शिविर में आज परिचय सत्र के अलावा संविधान संशोधन पर विमर्श किया गया। शिविर में पश्चिम बंगाल से जौय मुखर्जी, झारखंड से मो निजाम राजेन्द्र प्रसाद रविश आनन्द सतीश कुन्दन, हिमाचल प्रदेश से रजित सिंह कंवर, उत्तराखंड से धनंजय कुकरेती, उत्तर प्रदेश से सुनील दत्त विश्वकर्मा, भुपेंद्र वर्मा, बिहार से अशोक मानव मनोज श्रीवास्तव, पंजाब से परमिंदर पाल कौर गोपाल शर्मा, हरियाणा से उमेश सरोज, उड़िसा से प्रविर जेना राजस्थान से सुनील चौहान अशोक शर्मा राजीव कुमार, सुभाष पुष्कर, शामिल हुए।ईस अवसर पर देश राज मीणा का विरोध रूप से आभार व्यक्त किया गया।